बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर मदद को बढ़ाया हाथ

किसान कांग्रेस के पदाधिकारी भ्रमण कर बाढ़ पीड़ितों की कर रहे मदद, पहुंचा रहे आवश्यक सामग्रियां

नवभारत न्यूज

कोठी 5 सितंबर, क्षेत्र के कई गांव में बाढ़ ने तबाही मचाई है कहीं-कहीं हालत तो अत्यंत बुरे हुए हैं इसके बाद लोगों को काफी संकट का सामना करना पड़ रहा है सबसे अधिक प्रभावित कोठी क्षेत्र का इटवा गांव हुआ है.

जहां पर गांव के सभी कच्चे मकान ढह गए हैं या फिर बैठ गए हैं और उसने रखा लोगों का सामान पूरी तरह नष्ट हो गया है इसके बाद घर में रखे अनाज के नष्ट होने की वजह से वहां पर दुर्गंध की वजह से बीमारी का तो खतरा फैल ही रहा है साथ-साथ लोगों को खाने रहने और कपड़े की सबसे अधिक दिक्कत आ रही है । इसके बाद प्रशासन अपने स्तर से मदद के लिए लगा है परंतु लोगों को वह गुजर बसर करने के लिए पर्याप्त नहीं है इसके बाद सबसे अधिक प्रभावित गांव होने की वजह से क्षेत्रीय कांग्रेस जनों ने बाढ़ प्रभावित परिवार जनों के बीच पहुंचकर मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है धीरेंद्र सिंह भैया जनपद सदस्य ने पहले ही तत्परता के साथ लोगों की सेवा और व्यवस्था के लिए कार्य किया है वहीं अब किसान कांग्रेस के पदाधिकारी विशेष कर इस कार्य में महती सहभागिता अदा कर रहे हैं किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष पांडे के आवाहन पर किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह बंटू, रैगांव विधानसभा की नेत्री महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव प्रभा बागरी, किसान कांग्रेस के जिला महामंत्री बृजेश गर्ग सोनू विशेष रूप से लोगों के बीच पहुंचकर उनकी व्यवस्थाओं को संभालने व नियमित करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं इटमा गांव में कई दर्जनों से अधिक गरीब परिवार बाढ़ की चपेट में आने से अपना घर सहित सारा गृहस्ती का समान खो चुके हैं और सड़कों पर भोजन बनाकर रात गुजारने को मजबूर है इसके बाद उनकी इस समस्या को अजय सिंह बंटू अपने सहयोगी साथियों सहित पहुंच कर उनकी मदद का वीणा उठाया और उन्हें भोजन की सामग्री पानी से बचाव के लिए बरसाती तिरपाल वह अन्य जरूरी सामान भिजवाए जाने की व्यवस्था बनवाई और उन्हें आगे हर संभव मदद दिलाई जाने का भरोसा दिया साथ ही गांव के पटवारी से मिलकर हर पीड़ित एवं प्रभावित परिवार को हर संभव मदद और लोगों के हुए नुकसान के मुआवजा को सही तरीके से दिलाए जाने के लिए कटिबद्धता जताई और पटवारी किशोर कुमार नामदेव से मिलकर सभी लोगों के हुए नुकसान के लिए उचित मूल्यांकन कर सही रूप से मुआवजे की सहायता पहुंचाये जाने का आग्रह किया।

बलदाऊ मंदिर से निकली भव्य पदयात्रा

▶ कृष्ण जन्मोत्सव पर भक्तिमय आयोजन

नवभारत न्यूज

रामपुर बाघेलान 5 सितंबर, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर रामपुर बघेलान नगर में धार्मिक उल्लास और श्रद्धा का अद्भुत नजारा देखने को मिला।

प्राचीन बलदाऊ मंदिर परिसर से भगवान श्रीकृष्ण को शीश पर धारण कर विधायक विक्रम सिंह विक्की ने भव्य पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मेन बाजार और बस स्टैंड पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पदयात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयकारों के साथ आगे बढ़ते रहे। नगरवासियों ने जगह-जगह पदयात्रा का स्वागत किया। इसके बाद पदयात्रा वापस प्राचीन बलदाऊ मंदिर परिसर पहुंची, जहां भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम में रामपुर बघेलान नगर एवं दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर परिसर में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म पर ठीक 12 बजे के समय श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाए और पूरे वातावरण में उत्साह का माहौल देखने को मिला। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के चलते पूरा रामपुर नगर भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। मंदिर परिसर से लेकर नगर के प्रमुख मार्गों तक श्रद्धालुओं की मौजूदगी और धार्मिक आयोजनों ने पर्व की रौनक बढ़ा दी। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन, नगर परिषद के समस्त पार्षद एवं अधिकारी समाजसेवी, प्रबुद्ध जन उपस्थिति रहे।

अमिलिया गांव में 20 दिन से जलभराव से 25 घर प्रभावित

नवभारत न्यूज

सतना/मझगवां 5 सितंबर, जनपद पंचायत मझगवां अंतर्गत ग्राम पंचायत अमिलिया में पिछले कई दिनों से गंभीर जलभराव की स्थिति बनी हुई है।

13 अगस्त 2026 से लेकर आज 3 सितंबर 2026 तक गांव के लगभग 20 से 25 घरों के चारों ओर 4 से 5 फीट तक पानी भरा हुआ है, जिससे ग्रामीणों का जीवन अत्यंत कठिन और भयावह स्थिति में पहुंच गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि जलभराव की समस्या की जानकारी 13 अगस्त से लगातार दिन में दो से तीन बार ग्राम पंचायत अमिलिया के सचिव हितेंद्र सिंह एवं सरपंच रश्मि सिंह को दी जा रही है, लेकिन आज तक पानी निकासी की कोई प्रभावी और स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की गई। ग्रामीणों के अनुसार, पंचायत द्वारा निर्मित नालियों की स्थिति भी गंभीर समस्या का कारण बनी हुई है। नालियों का पानी गांव से बाहर निकलने के बजाय बाहर से गांव के अंदर आ रहा है, जिसके कारण लगातार जलभराव बढ़ता जा रहा है। इस गंभीर स्थिति के चलते लगभग 4 से 5 मकान गिर चुके हैं, जबकि कई अन्य मकान लगातार पानी में रहने के कारण कभी भी गिरने की स्थिति में पहुंच चुके हैं। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि सचिव हितेंद्र सिंह पिछले लगभग तीन माह से ग्राम पंचायत अमिलिया नहीं आए हैं तथा 24–25 अगस्त के बाद से ग्रामीणों के फोन भी नहीं उठा रहे हैं, जिससे समस्या से परेशान लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। लगातार पानी भरे रहने से प्रभावित परिवारों के सामने मकान गिरने, जान-माल की हानि, बीमारी फैलने तथा बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।

बाढ़ पीड़ितों के लिए सहारा बना गुलाब शुक्ला जनसहयोग मंच

नवभारत न्यूज

कोटर 5 सितंबर, लगातार बारिश के बाद बाढ़ और जलभराव से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए गुलाब शुक्ला जनसहयोग मंच ने एक बार फिर संवेदनशील पहल की है।

कोटर नगर परिषद क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित जरूरतमंद परिवारों के बीच मंच के संस्थापक एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्री गुलाब शुक्ला की मौजूदगी में राशन सामग्री का वितरण किया गया। बाढ़ और बारिश के कारण कई परिवारों के सामने रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने की चुनौती खड़ी हो गई है। प्रभावित परिवारों की स्थिति की जानकारी मिलने पर गुलाब शुक्ला ने तत्काल मदद का निर्णय लिया। इसके बाद जनसहयोग मंच की टीम द्वारा जरूरतमंद परिवारों के लिए आवश्यक राशन सामग्री की व्यवस्था कर उन्हें वितरित किया गया। वितरण के दौरान गुलाब शुक्ला स्वयं मौके पर मौजूद रहे और बाढ़ प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संकट की इस घड़ी में जरूरतमंद परिवारों को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा और आवश्यकता के अनुसार आगे भी हरसंभव सहयोग किया जाएगा। गुलाब शुक्ला ने कहा कि मुश्किल समय में किसी जरूरतमंद के घर तक मदद पहुंचाना ही सच्ची जनसेवा है। जनसहयोग मंच का उद्देश्य समाज के उन परिवारों तक पहुंचना है, जिन्हें विपरीत परिस्थितियों में तत्काल सहायता की आवश्यकता होती है। राशन सामग्री मिलने पर प्रभावित परिवारों के चेहरे पर राहत नजर आई। परिजनों ने गुलाब शुक्ला एवं जनसहयोग मंच की पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आपदा के समय जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना समाज के प्रति जिम्मेदारी का उदाहरण है। राहत वितरण के दौरान गुलाब शुक्ला जनसहयोग मंच की टीम एवं क्षेत्र के अन्य लोग मौजूद रहे।

ग्रामोदय विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस का भव्य आयोजन

नवभारत न्यूज

चित्रकूट, 5 सितंबर । महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कला संकाय अंतर्गत शिक्षा विभाग में शिक्षक दिवस समारोह उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा मां सरस्वती और भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम में आईटीईपी के विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. श्याम सिंह गौर ने शिक्षक दिवस के औचित्य तथा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. आञ्जनेय पाण्डेय ने जयशंकर प्रसाद की कविता से अपने उद्बोधन का प्रारंभ करते हुए कहा कि बदलते शैक्षिक परिवेश में शिक्षकों के लिए शैक्षिक तकनीक एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ङ्क) का ज्ञान आवश्यक हो गया है। उन्होंने प्राचीन एवं वर्तमान समय में शिक्षक की भूमिका की तुलना करते हुए कहा कि तकनीकी परिवर्तन के साथ शिक्षक को भी निरंतर स्वयं को अद्यतन करना होगा। कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. कपिल देव मिश्र ने 'शिक्षक' और 'टीचर' शब्द की व्याख्या करते हुए शिक्षक की भूमिका एवं महत्व पर प्रकाश डाला और भावी शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं। कृषि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. हरिशंकर कुशवाहा ने कहा कि एक अच्छा शिक्षक अपने विद्यार्थियों को हमेशा अपने से आगे देखना चाहता है। विद्यार्थी अपने शिक्षक के कंधों पर बैठकर आगे बढ़ता है। विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सूर्यकांत चतुर्वेदी ने पूर्व एवं वर्तमान शिक्षण व्यवस्था की तुलना करते हुए विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया। प्रबंधन संकाय के अधिष्ठाता प्रो. देवेंद्र पाण्डेय ने सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में प्रो. नीलम चौरे एवं प्रो. अजय आर. चौरे ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद प्रदान किया। प्रो. प्रज्ञा मिश्रा ने कविता पाठ से उपस्थित जनों को भावविभोर किया, जबकि प्रो. ललित कुमार सिंह ने डॉ. राधाकृष्णन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

मकान गिरने के बाद वृद्ध महिला की मदद को पहुंचे जनपद सीईओ

▶ पीएम आवास का दिया आश्वासन

नवभारत न्यूज

अमरपाटन 5 सितंबर, जनपद पंचायत सीईओ वेदमणि मिश्रा मुकुंदपुर पहुंचकर वृद्ध महिला फुल्ली देवी से मिले।

लगातार बारिश के कारण महिला का मकान गिर गया था, जिसके बाद वह फिलहाल अपने बच्चे के घर पर रह रही हैं। सीईओ ने महिला से मुलाकात कर स्वास्थ्य संबंधी हालचाल जाना और भोजन सामग्री सहित जरूरत के कपड़े उपलब्ध कराए। उन्होंने महिला की स्थिति का जायजा लेते हुए जल्द ही प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। प्रशासन की इस पहल से वृद्ध महिला को राहत मिलने की उम्मीद है।

किंडरगार्टन प्ले स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

नवभारत न्यूज

नागौद 5 सितंबर, किंडरगार्टन प्ले स्कूल नागौद में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नागौद हाई सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल की प्राचार्या श्रीमती बबीता सिंह उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक राकेश कुमार सोनी एवं आरती सोनी मैम की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी तथा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के छायाचित्र के समक्ष माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि श्रीमति बबीता सिं का शॉल माला और स्मृतिचिन्ह भेंट कर अभिवादन किया गया इसके साथ ही शिक्षिका सुश्री खुशनुमा बानो द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया तथा कक्षा 8वीं की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में कक्षा छठवीं से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रस्तुतियां दीं। कक्षा छठवीं की छात्रा जैशनवी सिंह ने इंग्लिश स्पीच, कक्षा आठवीं की छात्रा अंशिरा मंसूरी ने कविता, कक्षा सातवीं के छात्र शाश्वत सिंह ने हिंदी स्पीच, कक्षा छठवीं की छात्रा अवंतिका सिंह ने हिंदी स्पीच तथा कक्षा छठवीं की छात्रा अनुभवी अग्रहरी ने इंग्लिश स्पीच प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

आज चित्रकूट आएंगे योगी आदित्यनाथ

चित्रकूट 5 सितम्बर, डीएम पुलकित गर्ग और एसपी अरूण कुमार सिंह ने बाढ़ प्रभावित डिलौरा का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया। साथ ही अधिकारियों को प्रभावित परिवारों, मकानों और फसलों को हुए नुकसान का सर्वे तेज करने के निर्देष दिये है चित्रकूट कि जनता ने अरोप लगाते हुऐ कहा कि मध्य प्रदेष कि सरकार को उत्तर प्रदेष कि सरकार से सीख लेकर काम करना चाहिऐ यहा उत्तर प्रदेष सरकर के काओ से जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत डिलौरा के मजरा पड़री और मालकाना पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया और ग्रामीणों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

धनवाही संदा में उत्साहपूर्वक मनाई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

नवभारत न्यूज

बड़ा इटमा 5 सितंबर, रामनगर क्षेत्र के धनवाही संदा में पावनी द्विवेदी ने अपने परिवार के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े उत्साह एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर घर में भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसने सभी का मन मोह लिया।

जन्माष्टमी के अवसर पर परिवार के सदस्यों ने भगवान श्रीकृष्ण के भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए और श्रद्धा एवं भक्ति के प्रेम रस में लीन होकर पर्व का आनंद लिया। घर का वातावरण भक्तिमय हो गया और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। भजन-कीर्तन के उपरांत परिवार के सदस्यों ने केक काटकर जन्मोत्सव मनाया तथा विधिवत आरती कर भगवान श्रीकृष्ण से परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान सभी परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक-दूसरे को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पावनी द्विवेदी के परिवार में विशेष उत्साह देखने को मिला। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहा।

यशोदा नंदन के जन्मोत्सव पर सजीव रूप मे सजे बच्चों ने मोहा मन

नवभारत न्यूज

उचेहरा 5 सितंबर, भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की नगर के घरों ,मठ मंदिरों सहित ग्रमीण अंचल में भी बड़े ही उल्लास के साथ यशोदा नंदन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया गया.

घरों में भी सुबह से ही कई भक्त निर्जला वृत रख भगवान का जन्मोत्सव मनाया इस अवसर पर घरों के पूजा घरों में विशेष सजावट की गई थी बाजार में भी काफी चहल पहल देखी गई। श्री कृष्णा के जन्मोत्सव पर खासकर छोटे बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। कई परिवार जनों ने अपने बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी के स्वरूप में मनोहारी ढंग से सजाया था। बालक जहां मुकुट मोरपंख,पीतांबर और बांसुरी के साथ श्रीकृष्ण के रूप में सजे नजर आ रहे थे वही बालिकाओं ने राधा रानी का रूप धारण कर रखा था।

शिक्षक ही बच्चों के भविष्य की दिशा तय करते हैं : श्रीकांत चतुर्वेदी

▶ मैहर विधायक ने शिक्षक दिवस पर सरस्वती विद्यालय में वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान किया

नवभारत न्यूज

मैहर, 5 सितंबर, विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी की उपस्थिति में शिक्षक दिवस के अवसर पर सरस्वती विद्यालय, मैहर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्री चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

उन्होंने विद्यालय पहुंचकर वरिष्ठ शिक्षकों का सम्मान किया और उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्कूल स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह एवं उमंग का वातावरण देखने को मिला। विधायक श्री चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षक केवल शिक्षा प्रदान करने का कार्य नहीं करते, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण के साथ उनके भविष्य की दिशा भी तय करते हैं। शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों को संस्कार, अनुशासन और ज्ञान देकर उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना शिक्षकों का महत्वपूर्ण दायित्व है। यह उद्बोधन विधायक श्री चतुर्वेदी ने शिक्षक सम्मान समारोह में दिया। विधायक श्री चतुर्वेदी ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके समर्पण और सेवाभाव की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षकों का स्थान सदैव सम्माननीय रहा है और आने वाली पीढ़ी को बेहतर बनाने में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

पंचायत विकास मंद से 16 हजार समोसा,लड्डू और मीठा खा गए सरपंच-सचिव

▶ किराना दुकान के बिलों ने खड़े किए सवाल, भमरहा पंचायत का मामला

नवभारत न्यूज

रामनगर 5 सितंबर, मैहर जिले के रामनगर विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भमरहा में पंचायत विकास की राशि दुरुपयोग और गबन का मामला भमरहा पंचायत के गली कूचे मोहल्ले चाय नुक्कड़ गुटका तंबाकू की दुकानों पर चर्चा में है।

बड़े आश्चर्य से स्थानीय निवासी कहने लगे की हमारे सरपंच और सचिव किराना स्टोर से समोसा लड्डू मीठा वो भी बहुतायत मात्रा में खरीद राशि गबन कर पंचायत का नाम रोशन किया है। पंचायत की जिस राशि का इस्तेमाल गांव के विकास कार्यों में होना चाहिए था, वह किराना स्टोर से खरीदे स्वल्पाहार के नाम पर भारी तादात में खरीदी के बिल, पंचायत की राशि पर कई बड़े सवाल खड़े कर रहे हैं। क्या वास्तव में इतनी मात्रा में समोसा-लड्डू और अन्य सामग्री की खरीदी हुई। विकास के पैसे में चल खूब नाश्ता। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है, सीता किराना स्टोर के बिल तो सिर्फ टेलर है। जहां किराना स्टोर से 10 केजी लड्डू 2800 रूपये, 900 नंग समोसा 4500 रुपये , 4 केजी मीठा 1800 रुपये कुल मिलाकर 15980 रुपये के बिल हो गया। पंचायत बिलों के भुगतानों की जांच की जाए तो सत्यता स्वयं अपने आप प्रदर्शित करेगी। जहां सरपंच सचिव पर राशि की वसूली का प्रकरण भी बनेगा।

गैस एजेंसी की तानाशाही से त्रस्त उपभोक्ताओं में आक्रोश

▶ कालाबाजारी और हादसों के साये में जीने को मजबूर जनता

नवभारत न्यूज

बिरसिंहपुर 5 सितंबर, सतना जिले की बिरसिंहपुर तहसील में नगर की एकमात्र गुरु कृपा गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली और कथित भ्रष्टाचार से आम जनता में भारी आक्रोश है।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि एकाधिकार का फायदा उठाकर एजेंसी उपभोक्ताओं के अधिकारों का हनन कर रही है। सरकार द्वारा तय कीमत के स्थान पर घरेलू एलपीजी सिलेंडर को कालाबाजारी के जरिए 1500 से 1600 तक में बेचा जा रहा है। घंटों लाइन में खड़े रहने और हफ्तों पहले बुकिंग कराने के बावजूद आम उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं मिलता, जबकि नगर के व्यावसायिक होटलों में घरेलू सिलेंडरों की अवैध आपूर्ति धड़ल्ले से जारी है। नियमों को ताक पर रखकर होटल संचालक व्यावसायिक सिलेंडर की जगह सस्ते घरेलू सिलेंडरों का उपयोग कर रहे हैं। हाल ही में आई भीषण बाढ़ के कारण जिन बाढ़ पीड़ितों के जरूरी दस्तावेजों के साथ गैस पासबुक बह गई, उन्हें राहत देने के बजाय चक्कर लगवाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप भी एजेंसी पर लग रहे हैं। इसके साथ ही, घनी आबादी और बस स्टैंड के समीप स्थित एजेंसी का गैस गोदाम सुरक्षा के लिहाज से एक बड़ा मुहाना बना हुआ है, जहाँ किसी भी वक्त गंभीर हादसा होने पर जन-धन की भारी क्षति हो सकती है।

भाजपा नेता ने बाढ़ प्रभावितों को राहत सामग्री बांटी

बिरसिंहपुर। बिरसिंहपुर तहसील में बाढ़ प्रभावित परिवारों को रावेंद्र सिंह पटवारी (पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष) के द्वारा राहत सामग्री प्रदान की गई जिसमें बिरसिंहपुर मंडल के मंडल अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी के साथ सभी बिरसिंहपुर भाजपा मंडल के कार्यकर्ता मौजूद रहे यह कार्यक्रम तनु हीरो ऑटोमोबाइल्स में सम्पन्न हुआ।

बिना नोटिस के कांग्रेस ने हटाया जिसका हमे दुख है

अमरपाटन 5 सितंबर, यहां बीते दिनों कांग्रेस के तीन पदाधिकारियों को पद से हटा दिया गया जिसके बाद आज पूर्व पदाधिकारी विमलेश मिश्रा, मनसुख चौरसिया ओर महिपाल तिवारी ने रेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता का आयोजन किया जिसमें बताया कि प्रदेश कमेटी द्वारा पद से पृथक करने की किसी भी प्रकार की सूचना नहीं दी गई वहीं अगर अनुशासन हीनता हुई थी तो विधिवत नोटिस जारी करनी चाहिए थी जिसके बाद कार्यवाही की जाना चाहिए थी पर व्यक्तिगत रूप से अनैतिक आरोप लगाकर पद से बिना सूचना के हटाया गया।

संत रविदास समरसता यात्रा का ग्रामीण क्षेत्रों में हुआ भव्य स्वागत

▶ समता, सामाजिक सद्भाव और मानवता का संदेश लेकर विभिन्न ग्राम पंचायतों से रवाना हुआ रथ

नवभारत न्यूज

मैहर, 5 सितंबर। संत शिरोमणि श्री रविदास जी की 650वीं जन्मजयंती के अवसर पर उनके जीवन-दर्शन, समता, भक्ति, सेवा, सामाजिक न्याय एवं मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश में श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान एवं यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

अभियान के तहत प्रदेश, जिला एवं ग्राम स्तर पर विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनसंपर्क गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में शनिवार को मैहर जिले के रामनगर क्षेत्र में संत रविदास समरसता यात्रा का शुरू की गई। यात्रा के विभिन्न पड़ावों पर स्थानीय नागरिकों एवं संत रविदास महाराज के अनुयायियों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ रथ का स्वागत किया तथा समरसता यात्रा के दौरान अमझर, कंदवारी, झिन्ना, उचेहरा, भमरहा, देवदहा, छीरहाई, जिगन सहित विभिन्न ग्रामों में नागरिकों एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यात्रा में प्रभारी रामानंद पांडे, अत्रि मनीष जी महाराज, संत शंकर प्रसाद रैदास एवं संत भाई लाल रैदास सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं अनुयायी शामिल हुए। इस अवसर पर संत शिरोमणि श्री रविदास जी के समता, सामाजिक सद्भाव, सेवा, भक्ति एवं मानवता के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। उपस्थित नागरिकों ने सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे एवं सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया। समरसता यात्रा के माध्यम से संत रविदास जी के मानवतावादी एवं समानता आधारित विचारों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने तथा सामाजिक एकता, भाईचारे और सद्भाव की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया जा रहा है।

लाचार महिला का बारिश पर उजड़ा आशियाना

रामनगर । मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र के मुकुंदपुर बारिश के कहर के कारण बेवस लाचार उम्र के अंतिम पड़ाव पर 80 बर्षिय वृद्ध महिला फुल्ली बाई बसोर के घर पर पानी भरने से निवास स्थान घर में रखा अनाज जीवन यापन की सामग्री के नष्ट होने तथा इस अवस्था दौरान घर में भरे पानी को उलिचकर बाहर फेंकने पर हो रही पीड़ा पर करूण पुकार कर प्रशासन से मदद की गुहार लगाई।

श्री रघुवीर मंदिर (बड़ी गुफा) में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर उमड़ा श्रद्धा और भक्ति का सैलाब

▶ भक्तिमय वातावरण में मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 5 सितंबर, परम पूज्य संत श्री रणछोड़दास जी महाराज की पावन कर्मस्थली श्री रघुवीर मंदिर (बड़ी गुफा), जानकीकुंड, चित्रकूट में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व श्रद्धा,एवं भक्ति के साथ मनाया गया।

जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर परिसर में दिनभर धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, संत-महात्माओं, विद्यार्थियों एवं ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव में सहभागिता की। इस अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में आचार्य श्री प्रभुदास जी महाराज ने श्रीमद्भागवत महापुराण के दशम स्कंध के तृतीय अध्याय में वर्णित भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य जन्म की कथा का भावपूर्ण एवं आध्यात्मिक विवेचन किया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के अवतार के उद्देश्य, उनके दिव्य स्वरूप तथा बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन धर्म, सत्य, प्रेम, करुणा एवं लोककल्याण का संदेश देता है। आचार्य श्री प्रभुदास जी महाराज के मुखारविंद से भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवं उनके दिव्य चरित्र का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा के दौरान मंदिर परिसर में जय श्रीकृष्ण के जयघोष गूंजते रहे। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग के साथ ही श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और भक्ति का संचार हुआ। धार्मिक कथा के पश्चात भगवान श्रीकृष्ण का विधिवत पूजन एवं मंगल आरती संपन्न हुई। इसके उपरांत कीर्तन एवं भजन का आयोजन किया गया।